प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
13.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1945जे

मुख्य समाचार

- प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का हुआ आगाज़– अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान।
- मुख्यमंत्री ने कुल्लू ज़िले के अग्निकांड प्रभावित तांदी गांव का किया दौरा– पीड़ितों की सहायता के लिए कई ऐलान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर खनन माफिया पर अंकुश लगाने में विफल रहने का लगाया आरोप।
- सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर आरट्रैक शिमला में समारोह का आयोजन– पूर्व सैनिकों को मिला सम्मान।

महाकुंभ

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 आज से शुरू हो गया है। अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम त्रिवेणी के विभिन्न घाटों पर डुबकी लगाई। इस भव्य आयोजन का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के साथ होगा। एक सौ 44 वर्षों में एक बार होने वाला एक दुर्लभ खगोलीय संयोग इस वर्ष महाकुंभ की विशेषता को और बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय मूल्यों और संस्कृति को संजोने वाले करोड़ों लोगों के लिए यह एक विशेष दिन है। नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को आज मनाए जा रहे लोहड़ी पर्व की भी शुभकामनाएं दी हैं।

लोहड़ी

इस बीच लोहड़ी का पर्व आज प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को मूंगफली, गच्चक और रेवड़ियां बांट लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं। कांगड़ा ज़िले के परागपुर में आज शोभा यात्रा के साथ राज्य स्तरीय लोहड़ी मेला शुरू हुआ। इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने लोगों को लोहड़ी व मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कुल्लू ज़िले में बंजार घाटी के अग्निकांड प्रभावित तांदी गांव का दौरा किया और प्रभावित परिवारों से मिलकर राहत कार्यों का जायज़ा लिया। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी——

*डिस्पैच– मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज कुल्लू ज़िले के ऐतिहासिक तांदी गांव जाकर अग्निकांड प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और अधिकारियों को राहत कार्यों में तेज़ी लाने निर्देश दिये। इस गांव में पहली जनवरी को भीषण अग्निकांड हुआ था। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों की सहायता के लिये अनेक घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों के घर पूरी तरह जल चुके हैं, उन्हें मुफ्त बिजली व पानी के कनेक्शन, ईमारती लकड़ी और बर्तन व कपड़े सहित अन्य वस्तुयें भी दी जाएंगी। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने गांव में पक्की सड़क बनाने के लिए 75 लाख रूपये और गांव तक पहुंचने के लिये 4 किलोमीटर सड़क की मुरम्मत को लेकर एक करोड़ रूपये देने का ऐलान भी किया। इसके अलावा बंजार में अग्निशमन केंद्र खोला जाएगा और मुख्यमंत्री ने इलाके में कम वोल्टेज की समस्या के समाधान के लिए सोलर पावर प्रोजेक्ट लगाने का भी आश्वासन दिया।*

*प्रादेशिक समाचारों के लिये समाचार एकांश से मैं वेद प्रकाश।*

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज चंबा ज़िले के राजकीय महाविद्यालय सिंहुता में लगभग 9 करोड़ रूपये से बनने वाले कॉलेज भवन का शिलान्यास किया। उन्होंने करीब 68 लाख रूपये से निर्मित होने वाली देहरा खड्ड–कल्याणा संपर्क सड़क का भूमि पूजन भी किया।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर खनन माफिया पर अंकुश लगाने में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में खनन माफिया सक्रिय है और सरकार व प्रशासन इसे रोकने में नाकाम दिखाई दे रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अवैध खनन से पीड़ित लोगों ने प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नाकामी के चलते लोगों का सरकार पर से ही भरोसा उठ गया है।

नरेश चौहान

मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने कहा है कि वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं और अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार हो रहा है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता इस संबंध में तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं और प्रदेश में अराजकता जैसी कोई बात नहीं है।

वेटर्नस डे

नौवें सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर आज शिमला के सेना प्रशिक्षण कमान में एक समारोह का आयोजन किया गया। ये दिन भारतीय सशस्त्र सेनाओं के प्रथम कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल के.एम.करिअप्पा की याद में मनाया जाता है, जो आज ही के दिन वर्ष 1953 में सेवानिवृत हुए थे। आरट्रैक के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने 4 पूर्व सैन्य अधिकारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। पूर्व सैनिक मनीष कुमार और अमरचंद ने सम्मान मिलने पर खुशी जताई।

<u>विक्रमादित्य सिंह</u>

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेशभर में आवश्यकता अनुसार खेल स्टेडियम का निर्माण कर रही है, ताकि युवाओं को अपनी प्रतिभा तराशने का अवसर मिल सके। उन्होंने आज सोलन ज़िले में अर्की क्षेत्र की कुनिहार पंचायत में महाराजा पदम सिंह मैमोरियल खेल मैदान में हिम एकादश ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में शिरकत की। इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर की 64 टीमों के लगभग 7 सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया। विक्रमादित्य सिंह ने विजेता टीमों को पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की।

<u>एचआरटीसी</u>

राजधानी शिमला के पुराने बस अडडे की सुरंग में अब हिमाचल पथ परिवहन निगम का इतिहास यहां से गुजरने वाले लोगों व पर्यटकों को देखने को मिलेगा। इस सुरंग के सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। निगम के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर ने बताया कि इस कार्य को शिमला के हिम चटर्जी ने डिजाइन किया है जबकि सौंदर्यीकरण के कार्य को ऊना के सुनील कुमार सूरी ने पूर्ण किया है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर’</u>

- प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का हुआ आगाज़– अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किया पवित्र स्नान।
- मुख्यमंत्री ने कुल्लू ज़िले के अग्निकांड प्रभावित तांदी गांव का किया दौरा– पीड़ितों की सहायता के लिए कई ऐलान।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर खनन माफिया पर अंकुश लगाने में विफल रहने का लगाया आरोप।
- सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर आरट्रैक शिमला में समारोह का आयोजन– पूर्व सैनिकों को मिला सम्मान।

----------